आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 14.11.2025
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गौचर में औद्योगिक विकास मेला और पिथौरागढ़ में जौलजीबी मेले का शुभारंभ किया। कहा– मेले हमारी सांस्कृतिक विरासत को संजोए रखने का प्रभावी माध्यम हैं।
- गृह सचिव शैलेश बगौली ने प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर उच्च स्तरीय बैठक की। राज्य की सीमाओं पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए।
- देहरादून जिला प्रशासन ने प्रोजेक्ट नंदा सुनंदा के तहत 32 असहाय व निर्धन बालिकाओं को 13 लाख रुपए के चेक वितरित किए।
- बाल दिवस के अवसर पर रुद्रप्रयाग में विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन।

**गौचर/जौलजीबी मेला**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज चमोली जिले के गौचर में 73वें राजकीय औद्योगिक विकास एवं सांस्कृतिक मेले का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह मेला हमारी सांस्कृतिक विरासत को संजोए रखने का प्रभावी माध्यम होने के साथ ही स्थानीय आर्थिकी को भी सशक्त बनाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सांस्कृतिक विरासत को पुनर्जीवित किया जा रहा है। वहीं वोकल फॉर लोकल और मेड इन इंडिया जैसी योजना के माध्यम से स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गौचर में अठारह सीटर हेलीसेवा भी प्रारम्भ की जाएगी। साथ ही, नगर क्षेत्र के चार प्रमुख स्थलों पर पार्किंग सुविधाओं का विकास किया जाएगा। इससे पहले श्री धामी ने पिथौरागढ़ में जौलजीबी मेला एवं विकास प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि यह मेला सीमांत क्षेत्र के आर्थिक, सामाजिक जीवन का प्रतिनिधित्व करने के साथ ही भारत, नेपाल और तिब्बत के बीच के संबंधों को भी मजबूत करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि उत्तराखण्ड की आत्मा उसके मेलों में बसती है। उन्होंने आह्वान किया था कि ''एक जिला–एक मेला'' कार्यक्रम प्रारंभ किया जाए। इसलिए प्रत्येक जिले के एक मेले को विशेष सहयोग दिया जाएगा।

## गृह सचिव

गृह सचिव शैलेश बगौली ने आज सचिवालय में पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों और सभी जिलाधिकारियों के साथ राज्य की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर समीक्षा की। उन्होंने प्रदेश के सभी क्षेत्रों में सतर्कता बढ़ाने और सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए। गृह सचिव ने अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं पर विशेष सावधानी बरतने पर जोर दिया। उन्होंने राज्य के सभी सीमावर्ती क्षेत्रों और अन्य संवेदनशील स्थानों पर ए.एन.पी. आर. कैमरे लगाने के भी निर्देश दिए, जिससे संदिग्ध वाहनों की ट्रैकिंग और निगरानी अधिक प्रभावी हो सके। श्री बगौली ने राज्य के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर चेकिंग अभियान में तेजी लाने और धार्मिक स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने शहरों और संवेदनशील इलाकों में सीसीटीवी कैमरों की संपूर्ण व्यवस्था और उनकी रियल–टाइम मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। गृह सचिव ने कहा कि राज्यवासियों और पर्यटकों की सुरक्षा, सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## कृशि महोत्सव

कृषि मंत्री गणेश जोशी ने आज देहरादून के एक निजी विश्वविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय वार्षिक कृषि महोत्सव का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन किसानों, कृषि–स्टार्टअप उद्यमियों, शोधकर्ताओं, छात्रों और कृषि से जुड़े विभागों को एक ही मंच पर लाकर नवाचार, कौशल, उद्यमिता और सतत् कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कृषि मंत्री ने बताया कि महोत्सव में कृषि, ग्रामीण विकास, बागवानी और पशुपालन सहित अन्य विभागों के स्टॉल लगाए गए हैं, जिनमें विभिन्न योजनाओं, पहलों और सफल समूहों की उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया है। इससे छात्रों, किसानों और युवा उद्यमियों को प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन, युवाओं को नवाचार और आत्मनिर्भरता की ओर प्रोत्साहित करने का बेहतरीन माध्यम हैं।

## जिलाधिकारी बैठक

टिहरी बांध की रिंग रोड के संबंध में जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल ने कोटी कॉलोनी–डोबरा चांठी के प्रभावित काश्तकारों के प्रतिनिधियों और संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। जिलाधिकारी ने पर्यटन रोड निर्माण, भू–अर्जन मुआवजा आदि के संबंध में काश्तकारों की बात सुनीं। उन्होंने कहा कि प्रभावितों के हित में सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा।

## प्रोजेक्ट नंदा सुनंदा

देहरादून के जिलाधिकारी सविन बंसल और राजपुर के विधायक खजान दास ने आज प्रोजेक्ट नंदा सुनंदा के तहत 32 बालिकाओं को 13 लाख रुपए धनराशि के चेक वितरित किए। यह सहायता राशि गरीब, अनाथ और असहाय बालिकाओं को स्नातक, स्नातकोत्तर और कौशल शिक्षा में आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रदान की गई। इस अवसर पर विधायक ने जनहित में संचालित प्रोजेक्ट नंदा सुनंदा को अभिनव पहल बताते हुए जिला प्रशासन की सराहना की। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में निर्धन, अनाथ, असहाय और आर्थिक तंगी के कारण बीच में ही अपनी पढ़ाई छोड़ चुकी बालिकाओं की शिक्षा को फिर से शुरू करने के लिए जिले में प्रोजेक्ट नंदा सुनंदा की शुरुआत की गई है। उन्होंने कहा इस प्रोजेक्ट से अब तक जिले में 90 असहाय, निर्धन और अनाथ बालिकाओं की शिक्षा दोबारा से शुरू की गई है।

## विधिक जागरुकता शिविर

बाल दिवस के अवसर पर आज रुद्रप्रयाग के एक स्कूल में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव पायल सिंह की अध्यक्षता में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सचिव ने छात्र–छात्राओं को विधिक साक्षरता, बाल अधिकार, बाल विवाह निषेध, नशा उन्मूलन, साइबर अपराधों से बचाव और महिला सशक्तिकरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने छात्रों को बताया कि अपने अधिकारों और कानूनों की जानकारी होना सुरक्षित, आत्मनिर्भर और जागरूक नागरिक बनने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर विद्यालय में निबंध और पोस्टर प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उधर, उत्तरकाशी जिले में बाल दिवस के अवसर पर आदि शंकराचार्य शिक्षण संस्थान, उत्तरों गांव के बच्चों ने जिलाधिकारी प्रशांत आर्य से भेंट की। इस दौरान जिलाधिकारी ने बच्चों से संवाद किया और उनकी जिज्ञासाओं को सुना।

## खाद्य पदार्थ निरीक्षण

बागेश्वर जिले के नगर क्षेत्र में खुले में बिक रहे मसालों और दालों की गुणवत्ता जांचने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कई प्रतिष्ठानों से खाद्य पदार्थों के नमूने एकत्र किए। जिला अभिहित अधिकारी ललित मोहन पांडे ने बताया कि नमूनों को राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा जाएगा। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद गुणवत्ता मानकों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित प्रतिष्ठानों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी। टीम ने बाजार क्षेत्र के व्यापारियों को साफ–सफाई बनाए रखने और खाद्य सामग्री को ढक कर रखने के निर्देश भी दिए, ताकि उपभोक्ताओं को मिलावटी या असुरक्षित खाद्य पदार्थों के सेवन से बचाया जा सके।